NBT
नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली › मंगलवार, 26 दिसंबर 2017 › पौष 5 शक 1939 पौष शुक्ल अष्टमी विक्रम 2074 YOUNG INDIA › Y

नर्सरीः अपर एज लिमिट पर उलझे स्कूल

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

नर्सरी की रेस के लिए पैरंट्स तैयारी में हैं, लेकिन अपर एज लिमिट को लेकर पैरंट्स समेत कई स्कूल भी कन्फ्यूज हैं। दरअसल, हाई कोर्ट ने शिक्षा निदेशालय का साथ देते हुए अपर एज लिमिट पर लगाया गया स्टे हाल में हटा दिया था। इससे स्कूलों और पैरंट्स को लग रहा है कि अब अपर एज लिमिट फिक्स हो चुकी है।

कुछ स्कूल नर्सरी एडमिशन की गाइडलाइंस में बनी एज लिमिट की टेबल के अनुसार ही इसे फिक्स करने की तैयारी में हैं, जबकि शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि पैरंट्स को पूरा समय देते हुए इसे अगले सेशन से लागू किया जाएगा। स्कूलों ने सर्कुलर में बनी टेबल से कुछ नीचे दी गई उस लाइन को मिस कर दिया है, जिसमें अपर एज लिमिट इस साल ना लागू करने की बात की गई है। स्कूलों का कहना है कि निदेशालय को इस लाइन को हाइलाइट करना था। नर्सरी एडमिशन प्रोसेस 27 दिसंबर से शुरू होगा और फॉर्म भरने की लास्ट डेट 17 जनवरी होगी। विनोद नगर में रहने वाले रजत जोशी कहते हैं, मेरी बच्ची 4 साल तीन महीने की है और मुझे किसी ने कहा है कि अपर एज लिमिट फिक्स है। मैंने पास के दो स्कूलों में पूछा तो उन्होंने कहा कि 26 से प्रोसेस शुरू होगा, तब पता चलेगा। वेबसाइट में सर्कुलर का मुझे पता नहीं। इस वजह से मैं उलझन में हूं, क्योंकि साल का आखिर है और इस दौरान ऑफिस से छुट्टी मिलने में भी मुश्किल होगी।

> इस साल पिछले साल की तरह ही एज को लेकर एडमिशन होंगे यानी कोई अपर एज लिमिट नहीं होगी। स्कूल अपने हिसाब से एज लिमिट तय करेंगे।
>
> –सौम्या गुप्ता, एजुकेशन डायरेक्टर

सर्कुलर को लेकर बना हुआ है संशय

मॉन्टफोर्ट स्कूल, अशोक विहार ने अपना एडमिशन क्राइटेरिया जारी कर दिया है। स्कूल 1-4-2014 से लेकर 31-3-2015 के बीच पैदा हुए बच्चों को प्री स्कूल में एडमिशन देगा। पीतमपुरा के एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सन्ध्या पाठक कहती हैं, हम यही समझ रहे थे कि इस साल इसे फिक्स कर दिया गया है। अब हम मिनिमम एज लिमिट ही रख रहे हैं, नर्सरी के लिए 3+, केजी लिए 4+ और क्लास 1 के लिए 5+ रहेगा। नेबरहुड को हम 50, सिबलिंग 10, अलुमनाई 10, गर्ल चाइल्ड को 10 पॉइंट देंगे। रोहिणी के वीएसपीके इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजर प्रमिला गुप्ता का कहना है कि हम सर्कुलर को एक बार फिर से देख रहे हैं, क्योंकि हाई कोर्ट के फैसले के बाद हमें लगा था कि यह फिक्स हो चुकी है। नेबरहुड को हम 80 और सिबलिंग को 20 पॉइंट देंगे।